सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 331
01/04/2026

मुख्यमंत्री ने वाल्मी परिसर, पटना स्थित बिपार्ड स्किल पार्क के दक्षता भवन का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये निर्देश

पटना, 01 अप्रैल, 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज वाल्मी (जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान) परिसर, पटना स्थित बिपार्ड स्किल पार्क के दक्षता भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्किल पार्क में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तृत अवलोकन किया। साथ ही, प्रशिक्षुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही आवासीय एवं मेस सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्लास रूम में अध्ययन कर रहे प्रशिक्षुओं से बातचीत की और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आप लोग मन लगाकर अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। सरकार युवाओं को नौकरी एवं रोजगार प्रदान के लिए संकल्पित है। बिहार के युवाओं को रोजगार और तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। मुख्यमंत्री ने हिमाद्री छात्रावास का भी जायजा लिया साथ ही अन्य छात्रावासों की व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे परिसर को व्यवस्थित रखें और यहां प्रशिक्षण पाने वाले प्रशिक्षुओं की सुविधाओं का ख्याल रखें।

ज्ञातव्य है कि बिपार्ड स्किल पार्क, पटना परिसर में सरकारी कर्मियों के प्रशिक्षण के अतिरिक्त राज्य के युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से 6 प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें सिस्टम्स एप्लीकेशंस एंड प्रोडक्ट्स (SAP), सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क एसोसिएट (CCNA), जेरियाट्रिक केयर गिवर, फैशन डिजाइनिंग, कॉमिस (Commis) तथा असिस्टेंट बेकिंग टेक्नीशियन शामिल हैं। इन सभी पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षुओं को बिपार्ड द्वारा निःशुल्क आवास, भोजन, प्रशिक्षण किट एवं वर्दी आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके अतिरिक्त, उन्हें अंग्रेज़ी भाषा के साथ–साथ विदेशी भाषाओं जैसे जर्मन, फ्रेंच, स्पैनिश एवं जापानी का भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि हो सके।

अब तक सरकारी कर्मियों के अतिरिक्त कुल 667 युवा प्रशिक्षुओं को क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जिनमें से 204 प्रशिक्षुओं को देश एवं विदेश में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव सह बिपार्ड के महानिदेशक डॉ0 बी0 राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के सचिव श्री कौशल किशोर, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******